# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 15.12.2023 को सम्पन्न 25वीं बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुये:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 समशेर**<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री एम0 देवराज**<br>प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ | सदस्य |
| 3. | **प्रो0 डी0 परमार**<br>प्रति–कुलपति<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | **प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय**<br>कुलपति,<br>डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5. | **प्रो0 योगेश जोशी,**<br>आचार्य, केमिकल इंजी0 विभाग,<br>आई0आई0टी0, कानपुर<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | **प्रो0 तपोव्रत लहरी**<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज।<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | **प्रो0 अनिरूद्ध भालचन्द्र पंडित**<br>कुलपति<br>रसायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई<br>नियर खालसा कालेज, माटुंगा ईस्ट, मुम्बई–400019<br>(अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 8. | **श्री यशवन्त सिंह,**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 9. | **डा0 रिपुदमन सिंह**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य |
| 10. | **श्री यादवेन्द्र सिंह**<br>मैनेजिंग डाइरेक्टर, ग्रोमोर इण्टरनेशनल लि0, डी–5, साइट–1, पनकी इण्डस्ट्रियल एरिया, कानपुर–208022<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य |
| 11. | **श्री दिनेश कुमार**<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 12. | **प्रो0 ललित कुमार**<br>अधिष्ठाता, शैक्षिक कियाकलाप | विशेष आमंत्री |

| | | |
|---|---|---|
| 13. | **प्रो0 सुधीर कुमार शर्मा,**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नलिखित उपस्थित नहीं हो सके:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **डा0 चन्द्र शेखर उपाध्याय,**<br>एरोस्पेश इंजीनिगरिंग तिभाग, आई0आई0टी0, कानपुर।<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकीविद्) | सदस्य |
| 2. | **श्री राहुल गोयनका**<br>आटोमोबाइल इण्डस्ट्री, डी 59/146 ए, गोयनका निवास, सिगरा, वाराणसी–201010<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य |
| 3 | **प्रो0 मनोज सिंह गौर,**<br>निदेशक, आई0आई0टी0, जम्मू<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकीविद्) | सदस्य |

मा0 अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा बैठक में उपस्थित एवं ऑन लाइन माध्यम से जुड़े समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग से उनका परिचय कराया गया। परिचियोपरान्त मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा कार्य परिषद की विगत में सम्पन्न बैठक दिनांक 19.09.2023 के उपरान्त विश्वविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराने के क्रम में अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा चयनित सभी शिक्षक एवं अन्य अधिकारियों को नियुक्ति प्रदान कर दी गई है तथा चिकित्सा अधिकारी को छोड शेष सभी नव नियुक्त शिक्षकों/अधिकारियों द्वारा कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। नवनियुक्त चिकित्सा अधिकारी ने अभी तक ज्वाइन नहीं किया है। विश्वविद्यालय का पंचम दीक्षान्त समारोह दिनांक 29 सितम्बर, 2023 को सम्पन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता मा0 राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया द्वारा की गई तथा प्रो0 के0के0 पन्त, निदेशक, आई0आई0टी0 रूडकी दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि थे। विश्वविद्यालय द्वारा पंचम दीक्षान्त समारोह में छात्रों को 47 मेडल एवं 715 उपाधियॉ वितरित की गई। शैक्षिक गुणवत्ता को उच्चतम स्तर पर बनाये रखने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा सभी विधाओं का एकेडमिक आडिट कराया जा चुका है। तीन विधाओं (सिविल, इलेक्ट्रिकल एवं केमिकल इंजी0) का नेशनल बोर्ड आफ एक्रीडिटेशन, नई दिल्ली से एक्रीडिटेशन कराने हेतु SAR दिनांक 14/12/2023 को जमा कर दिया गया है तथा फरवरी/मार्च, 2024 में एन0बी0ए0 विशेषज्ञ टीम का भ्रमण प्रस्तावित है। विश्वविद्यालय की

विद्या परिषद् द्वारा अगले सत्र से बी0टेक0 बायो–टेक्नालॉजी, बी0फार्मा0 एवं एम0एस0सी0 (फिजिक्स) तथा एम0टेक0 (इनर्जी एण्ड इन्वारमेन्ट) प्रारम्भ करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। साथ ही आगामी सत्र से अभातशिप मानकानुसार वर्किंग प्रोफेशनल हेतु स्नातक प्रोग्राम प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।

तद्पश्चात कार्यपरिषद के मा0 सदस्यों के सुझावानुसार कार्यपरिषद की प्रत्येक बैठक में विश्वविद्यालय के एक विभाग द्वारा उनके विभाग में उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रेजेन्टेशन दिये जाने के क्रम में प्रो आनन्द कुमार, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विभाग की प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रजेन्टेशन दिया गया। प्रेजेन्टेशन में मैकेनिकल इंजी0 विभाग की प्रस्तुत आख्या पर कार्य परिषद् द्वारा संतोष व्यक्त किया गया और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग सहित समस्त विभागों हेतु निम्न सुझाव दिये गये:

1. विभाग में रिसर्च को और बढाया जाय।
2. जन मानस को लाभ पहुॅचाने वाले पेटेन्टस् को प्रसारित किये जाने को बढावा दिया जाय।
3. विश्व के टाप 10 विश्वविद्यालयों तथा देश के अन्य विश्वविद्यालयों के साथ पार्टनरशिप/एम0ओ0यू0 साइन कर फैकेल्टी/स्टूडेन्टस इक्सचेंज को बढावा दिया जाय।
4. विश्वविद्यालय में कौशल विकास हेतु शार्ट टर्म कोर्स तथा औद्योगिक सहयोग (Industdrial collaboration) को बढावा दिया जाय तथा उद्योगों के अनुकूल (Industry ready) छात्र तैयार किये जायं।
5. छात्रों को इन्टर्नशिप हेतु एक सेमेस्टर की जगह एक साल का विकल्प दिया जाय ताकि छात्र इण्डस्ट्री की बारीकियों को समझ कर रोजगार क्षमता बढा सके।
6. छात्रों के प्रोजेक्ट्स, स्थानीय समस्याओं का हल निकालने की तरफ प्रेरित हों।
7. अन्तर विभागीय/अन्तर विश्वविद्यालय सहयोग को और बढाया जाय।
8. वर्किंग प्रोफेशनल के लिये प्रोग्राम शुरू किये जाय।

प्रस्तुतिकरण पर सुझावों के उपरान्त 25वीं कार्य परिषद की बैठक के गदों पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 25.1 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 19.09.2023 को सम्पन्न 24वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

कार्य परिषद ने विश्वविद्यालय की दिनांक 19.09.2023 को सम्पन्न 24वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया।

**मद सं0 25.2 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 19.09.2023 को सम्पन्न 24वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

कार्य परिषद ने दिनांक 19.09.2023 को सम्पन्न 24वीं बैठक में लिये गये निर्णयों में कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया और संतोष व्यक्त किया गया।

**मद सं0 25.3 विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 29.11.2023 को सम्पन्न 18वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद ने दिनांक 29.11.2023 को सम्पन्न विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 18वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 25.4 विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 30.11.2023 को सम्पन्न 22वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद ने दिनांक 30.11.2023 को सम्पन्न विश्वविद्यालय वित्त समिति की 22वीं बैठक के मद संख्या 22.07 (आउटसोर्स कर्मियों के मासिक पारिश्रमिक दरों की वृद्धि) को छोड़कर शेष कार्यवृत्त पर अपना अनुमोदन प्रदान किया। मद संख्या 22.07 को एक अलग मद संख्या 25.13 में कार्य परिषद के अनुमोदन के लिए रखा गया।

**मद सं0 25.5** **विश्वविद्यालय के शिक्षक डा0 एस0वी0ए0आर0 शास्त्री, सह–आचार्य केमिकल इंजी0 विभाग एवं स्कूल ऑफ इन्टप्रेन्योरशिप एण्ड मैनेजमेंट के 03 शिक्षकों क्रमशः डा0 सतीश चन्द्र ओझा, डा0 सुचिता शुक्ला एवं सुश्री प्रियंका गुप्ता की विदेश यात्रा पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध मे।**

कार्यपरिषद द्वारा डा0 एस0वी0ए0आर0 शास्त्री, सह आचार्य, केमिकल इंजी0 विभाग सहित स्कूल आफ इन्टप्रेन्योरशिप एण्ड मैनेजमेन्ट के स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के तीन शिक्षकों क्रमशः डा0 सतीश चन्द्र ओझा, डा0 सुचिता शुक्ला एवं सुश्री प्रियंका गुप्ता को विदेश जाने हेतु विदेश यात्रा की कार्येत्तर अनुमति के प्रकरण को शासन को सन्दर्भित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देश दिये गये कि भविष्य में विदेश यात्रा के प्रकरणों में शासन की पूर्व अनुमति प्राप्त करना भी सुनिश्चित किया जाये।

**मद सं0: 25.6** **शासनादेश सं0 1251/2000/सोलह–1–185/98 दिनांक 23/03/2000 की पुष्टि अन्य अभियंत्रिकी संस्थानों से किये जाने के क्रम में विश्वविद्यालय में कार्यरत एस0एन0डी0 (सीनियर नोटर एण्ड ड्राफ्टर/वरिष्ठ आलेखक प्रालेख) पद को 01/01/2006 से पे–बैण्ड 5200–20200 ग्रेड पे 2800 अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद् ने दिनांक 28/09/2020 को सम्पन्न अपनी 11वीं बैठक में शासनादेश संख्या 1251/2000/सोलह–1–185/98 दिनांक 23/03/2000 को अंगीकृत कर लिये जाने, माननीय उच्च न्यायालय, प्रयागराज में ग्रेच्युटी प्राप्त करने के आशय से वाद रिट –ए 456/2023, स्पेशल अपील डिफेक्टिव नम्बर 430/2023, रिट–ए 11156/2023, रिट–ए 11125/2023, रिट–ए 11126/2023, रिट–ए 11135/2023, रिट–ए 10824/2023, रिट–ए 10530/2023 एवं रिट–ए 11124/2023 में मा0 उच्च न्यायालय के निर्णयों, शासन के पत्र संख्या 500/सोलह–1–2023–339(बी)/88टी0सी0 दिनांक 20 फरवरी, 2023, अधिष्ठान पुनरीक्षण ब्यूरो, वित्त विभाग के पत्र सं0

151/दस–2023–01(आडिट)/2014 दिनांक 29 सितम्बर, 2023 एवं विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी सीनियर नोटर एण्ड ड्राफ्टर (वरिष्ठ आलेखक प्रालेखक) शासनादेश दिनांक 23/03/2000 में, निर्धारित अर्हता धारक होने के दृष्टिगत सैद्धान्तिक रूप से यह माना कि विश्वविद्यालय के सभी सीनियर नोटर एण्ड ड्राफ्टर (वर्तमान प्रधान सहायक पदनामित) को भी प्रदेश की अन्य अभियंत्रण संस्थाओं की भॉति पुनरीक्षित 01/01/2006 से प्रभावी वेतनमान 4500–125–7000 दे दिया जाय।

कार्य परिषद् की दिनांक 28/09/2020 को सम्पन्न 11वीं बैठक में लिये गये निर्णय के उपरान्त प्रकरण में हुई कार्यवाही से परिषद संज्ञानित हुई और प्रकरण में अद्यतन हुयी कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया। कार्य परिषद् द्वारा यह अपेक्षा की गयी कि परिषद की बैठक में हुये निर्णय से अधिष्ठान पुनरीक्षण ब्यूरो को सूचित कर दिया जाये।

**मद सं0: 25.7 विश्वविद्यालय द्वारा पूर्णकालिक तथा पूरे वर्ष हेतु अनुबंधित किये गये अतिथि व्याख्याओं को संविदात्मक सहायक आचार्य (Assistant Professor, Contractual) का नाम प्रदान करने के संबंध में।**

कार्यपरिषद द्वारा पूर्णकालिक तथा पूरे वर्ष हेतु अनुबंधित किये गये अतिथि व्याख्याओं को संविदात्मक सहायक आचार्य (Assistant Professor, Contractual) का नाम प्रदान करने संबंधी प्रकरण को सम्पूर्ण विवरण के साथ शासन को सन्दर्भित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

**मद सं0: 25.8 श्री सच्चिदानन्द प्रसाद, पूर्व सहायक आचार्य, प्लास्टिक टेक0 विभाग, एच0बी0टी0आई0, कानपुर को स्थाई घोषित किये जाने एवं विभाग में पुनः कार्यभार ग्रहण कराये जाने के प्रकरण पर पुर्नविचार ।**

कार्यपरिषद द्वारा श्री सच्चिदानन्द प्रसाद, पूर्व सहायक आचार्य, प्लास्टिक टेक0 विभाग, एच0बी0टी0आई0, कानपुर को स्थाई घोषित किये जाने पर

अनुमोदन प्रदान किया गया एवं विभाग में पुनः कार्यभार ग्रहण कराये जाने के प्रकरण पर पुर्नविचार को अस्वीकृत किया गया।

**मद सं0: 25.9** **विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजी0 विभाग के नवनियुक्ति शिक्षक डा0 सन्नी सिंघानिया एवं स्कूल ऑफ इन्टप्रेन्योरशिप एण्ड मैनेजमेंट के शिक्षक डा0 सतीश चन्द्र ओझा द्वारा प्रस्तुत त्यागपत्र से संज्ञानित होने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजी0 विभाग के नवनियुक्ति शिक्षक डा0 सन्नी सिंघानिया एवं स्कूल ऑफ इन्टप्रेन्योरशिप एण्ड मैनेजमेंट के शिक्षक डा0 सतीश चन्द्र ओझा द्वारा प्रस्तुत त्यागपत्र एवं तद्क्रम में कृत कार्यवाही से संज्ञानित हुयी।

डा0 सन्नी सिंघानिया, सहायक आचार्य, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के त्यागपत्र एवं तद्क्रम में कार्यमुक्त किये जाने के फलस्वरूप प्रतीक्षासूची में प्रथम स्थान पर उल्लिखित अभ्यर्थी को ऑफर लैटर भेजे जाने के प्रकरण को कार्यपरिषद द्वारा शासन को सन्दर्भित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

**मद सं0: 25.10** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर में लचीली संवर्ग संरचना लागू किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में लचीली संवर्ग संरचना को लागू किये जाने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0: 25.11** **स्व0 परसराम, चपरासी की असामयिक मृत्यु दिनांक 23.07.2022 को होने के उपरान्त उनकी पत्नी श्रीमती कलावती द्वारा दिये गये अनुरोध एवं शपथ पत्र के अनुसार उनकी अविवाहित पुत्री को मृतक आश्रित के रूप में अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद में उपस्थित मा0 सदस्यों द्वारा निर्णित किया कि अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरण में यदि मृतक आश्रित की नियुक्ति मृतक द्वारा धारित पद के समान अथवा नीचे के पद पर की जाती है तो विश्वविद्यालय द्वारा मृतक

आश्रित से इस सम्बन्ध में सहमति प्राप्त करते हुए नियुक्ति प्रदान की जा सकती है।

इसके अतिरिक्त यदि मृतक द्वारा धारित पद से उच्च श्रेणी के किसी पद हेतु मृतक आश्रित द्वारा आवेदन किया गया हो तो प्रकरण पर शासन के कार्मिक विभाग द्वारा नवीनतम शासनादेशों का संज्ञान ले लिया जाए तथा तदुपरान्त प्रकरण को कार्यपरिषद की आगामी बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत किया जाए।

**मद सं0: 25.12 केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना PMUSHA के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा रू0 100.00 करोड़ एवं रू0 20.00 करोड़ के अन्तर्गत प्रेषित प्रस्तावों के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय द्वारा PMUSHA के अन्तर्गत रू0 100.00 करोड़ एवं रू0 20.00 करोड़ के प्रेषित प्रस्तावों से कार्यपरिषद अवगत हुयी।

**मद सं0: 25.13 वित्त समिति की दिनांक 30.11.2023 को सम्पन्न 22वीं बैठक के मद संख्या 22.07 के अधीन विश्वविद्यालय में सेवा प्रदाता के माध्यम से आबद्ध आउटसोर्स कर्मियों के मासिक पारिश्रमिक दरों में वृद्धि एवं अन्य सेवा संबंधी नियम निर्धारण के संबंध में।**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में सेवा प्रदाता के माध्यम से आबद्ध आउटसोर्स कर्मियों के मासिक पारिश्रमिक दरों में वृद्धि एवं अन्य सेवा संबंधी नियम निर्धारण के प्रकरण को शासन को सन्दर्भित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

**मद सं0: 25.14 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**मद सं0:25.14.1 विभिन्न पदों के वर्गीकरण हेतु कार्मिक अनुभाग–1 द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप संख्या 15/140/81/का–1–2012 दिनांक 14 मई, 2012 को विश्वविद्यालय में अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्मिक अनुभाग–1 द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप संख्या 15/140/81/का–1–2012 दिनांक 14 मई, 2012 को विश्वविद्यालय में

अंगीकृत किये जाने के प्रकरण को कार्यपरिषद द्वारा शासन को सन्दर्भित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

बैठक अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुयी।

**(प्रो0 एस0के0 शर्मा)**
सदस्य—सचिव

**कार्यालय — कुलसचिव**
**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय**
**कानपुर— 208002**

संख्याः 1471/अदम/ओटीटीएससी/कार्यपरि0—25वीं कार्यवृत्त/2023 दिनांकः 16/12/2023

प्रतिलिपिः विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्यपरिषद के संज्ञानार्थ।

**(प्रो0 एस0के0 शर्मा)**
सदस्य—सचिव